प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- विश्व आदिवासी दिवस पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम–राज्यस्तरीय समारोह डूंगरपुर के सागवाडा में आयोजित किया जा रहा है।
- संस्कृत दिवस आज–राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने संस्कृत भाषा के संरक्षण और प्रसार के लिए कार्य करने का आह्वान किया।
- उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या की रोकथाम के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल ने विशेष पोर्टल की शुरूआत की।
- प्रदेश में आज भाई बहनों के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

00000

आज विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। दुनियाभर में ये दिन आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा और उनकी संस्कृति तथा पहचान का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम आदिवासी लोग और ए आई –अधिकारों की रक्षा और भविष्य को आकार देना रखी गई है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी है। श्री बागडे ने आदिवासियों को मुख्य धारा में लाने और उनकी प्रकृति संरक्षण परम्पराओं के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया है। विश्व आदिवासी दिवस पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। राज्यस्तरीय समारोह डूंगरपुर के सागवाडा महिपाल मैदान क्षेत्र में मनाया जायेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम में जनजातीय मंत्री बाबूलाल खराडी शिरकत करेंगे।

......

बाडमेर में जिलास्तरीय कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय की विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा। पाली के कुंडाल गांव में बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जायेगा। जिला मुख्यालय पर गोडवाड आदिवासी संगठन की ओर से जागरूकता रैली निकाली जायेगी।

00000

आज संस्कृत दिवस है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्कृत भाषा नही है बल्कि हमारे देश की गौरवमयी संस्कृति है। इस भाषा के श्लोक में दर्शन ज्ञान के साथ –साथ विज्ञान का भी अपूर्व भंडार है। श्री बागडे ने संस्कृत भाषा के संरक्षण और इसके प्रसार के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी संस्कृत दिवस पर शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति और संस्कारों की अभिव्यक्ति है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने एक कार्यक्रम में कहा कि संस्कृत भाषा सरलता से सन्मार्ग तक ले जाती है।

.....

00000

आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम से अब तक 34 करोड रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉक्टर एल मुरुगन ने कल राज्यसभा में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार और समाज सेवा कार्य में लगे भारतीय नागरिकों की प्रेरणादायी कहानियों को साझा किया है। श्री मुरुगन ने कहा कि मन की बात देश का शीर्ष कार्यक्रम बना हुआ है, जो नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित करता है।

0000

उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या की रोकथाम पर गठित, राष्ट्रीय कार्यबल ने पोर्टल शुरू किया है। पोर्टल पर एक ऑनलाईन सर्वेक्षण के लिए प्रश्न तैयार किये गये है। पोर्टल, परिसर के वातावरण, संकट के कारणों और प्रणालीगत भेदभाव सहित विभिन्न विषयों पर गुमनाम और गोपनीय जानकारी एकत्र करने के लिए तैयार किया गया है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों के

कल्याण में सुधार के लिए सुझाव दिये जा सकते है। राष्ट्रीय कार्य बल ने सभी हितधारकों और इस पहल के लिए नियुक्त राज्य नोडल अधिकारियों से बड़ी संख्या में सर्वेक्षणों का जवाब देकर इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है।

000

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लोगों को देशप्रेम का संदेश दिया जा रहा हैं। इसी कडी में सवाईमाधोपुर में श्रमदान और तिरंगा राखी कार्यशाला रखी गई। इसमें महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनने के गुर सिखाये गये। पाली में जिला कलक्टर एल एन मंत्री ने विभिन्न समाजसेवी संगठनों के साथ बैठक की। उन्होंने इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से तैयार किये गये तिरंगा स्टीकर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से एक लाख तिरंगा स्टीकर वितरित किये जायेंगे। जिला कलेक्टर ने जिलेवासियों से 15 अगस्त पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने और दीपक जलाने का आह्वान किया।

......

इस बीच प्रदेशभर में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां भी की जा रही है। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस समारोह को और बेहतर तरीके से मनाने तथा स्वच्छता अभियान के महत्व को उजागर करने के लिए रेल्वे की ओर से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया हैं। इसके तहत रेल्वे प्लेटफोर्म तथा पटरियों पर साफसफाई की जा रही है। इसी कडी में अजमेर रेल मंडल कार्यालय में रेल्वेकर्मियों की सांस्कृतिक टीम ने नुक्कड नाटक का मंचन किया। इसके माध्यम से सफाई का संदेश दिया गया।

000

स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले कल दिल्ली में विभिन्न राज्यों की समन्वय बैठक हुई। इसका उद्देश्य विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सहयोग और समन्वय को मजबूत करना था। बैठक की अध्यक्षता दिल्ली पुलिस आयुक्त एस.बी.के. सिंह ने की। इसमें राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए। केन्द्रीय गुप्तचर और प्रवर्तन एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया।

00000

प्रदेश में आज भाई बहनों के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बहने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर भाई की लम्बी उम्र की कामना कर रही है। भाई बहनों को रक्षा का वचन दे रहे हैं। बाजारों में राखी, मिठाईयों और उपहारों की दुकान पर रौनक बनी हुई है। वहीं बस और रैलगाडियों में भीड देखी जा रही है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने रक्षाबंधन पर सभी को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कामना की कि ये पर्व सभी के जीवन में प्रेम, एकता और सुखसमृद्धि का संचार करें। बाडमेर में जालिपा सैनिक छावनी में रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर सैनिकों में खासा उत्साह है। अजमेर में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में एक अनूठी पहल की गई है।

.....

0000